प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

युवा दिवस

आज अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस है। गरीबी उन्मूलन व सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पूरे विश्व में 12 अगस्त को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'क्लिक्स से प्रगति तक–सतत विकास के लिए युवा डिजिटल रास्ते'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 17 दिसम्बर 1999 को युवा विश्व सम्मेलन के दौरान की गई सिफारिशों के अनुरूप पहली बार सन् 2000 में अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला में एचआईवी एड्स जागरूकता व एकीकृत स्वास्थ्य जांच अभियान का शुभारंभ करेंगे। शिमला के पीटरहॉफ में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल भी मौजूद रहेंगे। इधर, शिमला के बचत भवन में कर्मचारियों को नशामुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाई जाएगी।

मुकेश

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में बारिश से हुए भारी नुकसान को लेकर जिला प्रशासन से राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाथू व जेजो में हुए हादसे मे 12 लोगों की मृत्यू पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों की हरसंभव मदद की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने हरोली के औद्योगिक क्षेत्र में हुए नुकसान को भी दुखद बताया है। उन्होंने बरसात के मददेनजर लोगों से स्वां व सहायक खड्डों के पास न जाने की अपील की है।

भाजपा

भाजपा विधायक दल की बैठक कल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल भी उपस्थित रहे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि विधायक दल ने आपदा में मृत लोगों को लेकर एक शोक प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर भाजपा विधायक दल विधानसभा सत्र के दौरान भी आक्रामक रूख अपनाएगा।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और विभिन्न स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही वर्षा के चलते नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने 16 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी है।

बीमा योजना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत चंबा जिला के किसान अब 25 अगस्त तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकेंगे। कृषि विभाग ने इसकी तारीख बढ़ा दी है। बीमा योजना के तहत किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित और मक्की का बीमा करवा सकते हैं। मक्की और धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 96 रुपये प्रति बीघा की दर से प्रीमियम देना होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक कारणों आग, भूस्खलन, ओलावृष्टि, खड़ी फसल, सूखा, बाढ़, तूफान से होने वाले नुकसान की भरपाई करना है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज समाचार पत्रों ने बाढ़ से हुए हादसों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–पंजाब के जेजों में कार बही, ऊना के नौ लोगों की मौत, बाथड़ी में तीन बच्चियों की गई जान। पंजाब केसरी के शब्द हैं–ऊना में कहर की बारिश, 12 की मौत, दो लापता। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है– ऊना में बाढ़ से 12 मौतें, दो लापता। दैनिक भास्कर ने लिखा है– ऊना से शादी में नवांशहर जा रहे दो भाइयों के परिवार की कार खड्ड में बही, नौ लोगों की मौत। इस हादसे पर दैनिक जागरण का कहना है–लोग देते रहे आवाज, चालक ने उफनती खड्ड में उतार दी गाड़ी, देहलां व भटोली गांव के लोग जा रहे थे नवांशहर। हिमाचल दस्तक के मुताबिक–बारिश का तांडव, 14 लोग बहे, 12 शव बरामद। दैनिक सवेरा टाइम्स ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–राज्य सरकार संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ। आपका फैसला के अनुसार–हिमाचल में भारी बारिश ने मचाया कहर, सड़कें अवरूद्ध।

अमर उजाला ने खबर दी है–राज्यपाल, सीएम में दो विश्वविद्यालय में वीसी की नियुक्ति पर मंत्रणा।

हरित, श्वेत के बाद देश में अब पोषण क्रांति शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है–प्रधानमंत्री ने शिमला में तैयार आलू की तीन नई किस्मों सहित लांच किए 109 उन्नत किस्म के बीज।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–सिरमौर में स्थापित होगा नशा मुक्ति केंद्र।